आकाशवाणी श्री विजयपुरम

19.09.2025 समय : 1850

- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– किसानों को ट्रैक्टर और अन्य मशीनरी की कीमतों पर वस्तु और सेवा कर सुधारों का पूरा लाभ मिलना चाहिए।

- इलेक्ट्रॉनिकी और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल के कारण हर वर्ग तकनीक का इस्तेमाल करने में सक्षम।

- सेवा पखवाड़ा के एक भाग के रूप में भारतीय जनता पार्टी, द्वारा इक्कीस सितंबर, को श्री विजयपुरम में एक विशाल "मोदी विकास मैराथन" का आयोजन किया जाएगा।

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के प्रमुख पर्यटन संगठनों ने मिलकर आइलैण्डर्स टूरिज़्म फेडरेशन का किया गठन।

<><><><><><>

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि ट्रैक्टरों और कृषि उपकरणों पर जीएसटी दरों में कटौती का सीधा लाभ किसानों को मिलना चाहिए। नई दिल्ली में कृषि मशीनरी और उपकरणों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री चौहान ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जीएसटी दर को बारह या अटठारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने से ट्रैक्टर और मशीनरी काफ़ी सस्ती हो जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि इस कदम से विभिन्न ट्रैक्टर श्रेणियों में तेईस हज़ार रुपये से लेकर तिरसठ हज़ार रुपये तक की कीमतों में उल्लेखनीय कमी आएगी। संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस लाभ को बीच में ही नहीं छोड़ दिया जाना चाहिए और बाईस सितंबर से किसानों को इसका सीधा लाभ मिलना चाहिए। श्री चौहान ने कहा कि यह लाभ छोटा नहीं, बल्कि बड़ा है और इससे किसानों की आय में काफ़ी फ़र्क़ पड़ेगा।

<><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल के कारण तकनीक के इस्तेमाल में सभी को एक समान बना दिया है। उन्होंने कहा कि अब, छोटे व्यापारियों से लेकर कॉर्पोरेट अधिकारियों तक सभी यूपीआई भुगतान प्रणाली का उपयोग करते हैं। एक राष्ट्रीय दैनिक में प्रकाशित लेख में श्री वैष्णव ने कहा कि तकनीक में कोई पद का क्रम नहीं होता। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन प्रधानमंत्री मोदी के अंत्योदय के मूल दर्शन को दर्शाता है। अंतरिक्ष और नवाचार के बारे में श्री वैष्णव ने कहा कि भारत ने वह सब हासिल कर लिया है, जो संभव नहीं था।

<><><><><><>

सेवा पखवाड़ा के एक भाग के रूप में, भारतीय जनता पार्टी, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह द्वारा इक्कीस सितंबर, को श्री विजयपुरम में एक विशाल "मोदी विकास मैराथन" का आयोजन किया जा रहा है। इस पांच किलोमीटर मैराथन को सेल्यूलर जेल से सुबह सात बजे हरी झंडी दिखाई जाएगी और दौड़ का समापन लगभग साढ़े सात बजे आईटीएफ ग्राउंड पर होगा। इस दौड़ की टैगलाइन "ड्रग मुक्त अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के लिए दौड़" है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने आकाशवाणी समाचार से इस आयोजन के बारे में बात करते हुए कहा।

<><><><><><>

कर ढांचे को सरल बनाने और नागरिकों पर वित्तीय बोझ कम करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधन में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की। नई कर दरें सोमवार से लागू होंगी। आज हम इन सुधारों के ऑटोमोबाइल उद्योग पर प्रभाव पर एक नज़र डालेंगे।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के पर्यटन क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए प्रमुख पर्यटन संगठनों ने मिलकर आइलैंडर्स टूरिज्म फेडरेशन का गठन किया है। पोर्ट ब्लेयर में आयोजित बैठक में बीस से अधिक पर्यटन संघों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और सर्वसम्मति से महासंघ बनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर श्री एम. विनोद को अध्यक्ष, श्री अब्दुल मजीद को महासचिव और श्री हसन खान को

कोषाध्यक्ष चुना गया। आइलैंडर्स टूरिज्म फेडरेशन का उद्देश्य है — द्वीपों के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देना और सतत विकास की दिशा में कार्य करना है।

<><><><><><>

हिन्दी पखवाड़ा के कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय श्री विजय पुरम में प्रशासन तथा नगर राजभाषा कार्यन्वयन समिति के सदस्य कार्यालयों के कर्मचारियों के लिए हिन्दी टिप्पण और आलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कई संख्या में विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया। बाईस सितम्बर सुबह दस बजे राजभाषा विभाग अंडमान तथा निकोबार प्रशासन के हिन्दी टंकन प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशासन के विभिन्न विभागों तथा सचिवालय के राजपत्रित अधिकारियों के लिए हिन्दी टंकन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज में जल्द ही इग्नू स्टेडी सेंटर की शुरूआत की जाएगी। जहां कानून से संबंधित प्रमाणपत्र, डिप्लोमा डिग्री और पी जी पाठ्यक्रम उपलब्ध होंगे। आज एक मार्गदशर्न सत्र के दौरान इस बात की घोषणा इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रॉ. डॉ. सुनील ज़ेकब ने की। कॉलेज के प्रार्चाय डॉ. पी वी नागेन्द्र सरमा ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत नियमित छात्रों के साथ–साथ ऑनलाइन व डिस्टेन्स मोड से पढ़ाई करने वाले छात्र भी इग्नू प्रमाणीकरण प्राप्त कर सकेगें। इस कार्यक्रम में कोलकाता सर्किट बेन्च पोर्ट ब्लेयर के रजिस्ट्रार रासिद आलम ने छात्रों को वकालत से पूरी निष्ठा से जुड़ने का आह्वान किया। इसके अलावा कार्यक्रम में स्थानीय बार एसोसिएशन के सचिव राकेश पाल गोविन्द और मेरा युवा भारत के संयुक्त निदेशक सुखरंजन बिश्वास भी उपस्थित थे।

<><><><><><>

शिक्षा निदेशालय, कैंपबेल बे एजुकेशनल ज़ोन के सहयोग से, इक्कीस सितंबर को कैम्पबेल बे ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन में एक ओपन शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन करेगा। इस आयोजन में सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकते है। यह टूर्नामेंट उभरते शतरंज प्रेमियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और बहुमूल्य अनुभव प्राप्त करने का एक मंच प्रदान करेगा।

<><><><><><>